## आकाशवाणी शिमला

## 06.11.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

### मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में समय पर होंगे पंचायत चुनाव–सरकार देगी चुनाव आयोग को पूरा सहयोग।
- केन्द्र सरकार का हिमाचल को बड़ा तोहफा–पी.एम.जी.एस.वाई–4 के तहत 2 हजार 2 सौ 71 करोड़ रूपए स्वीकृत।
- केन्द्रीय दूरसंचार सचिव डॉक्टर नीरज मित्तल ने कहा–साईबर अपराध, आर्थिक धोखाधड़ी और दूरसंचार साधनों का दुरूपयोग बना वैश्विक समस्या।

  और

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।

-----------

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में पंचायत चुनाव समय पर होंगे और चुनाव आयोग को सरकार पूरा सहयोग देगी। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश में अभी डिजास्टर एक्ट लगा हुआ है और सभी पंचायतों की सड़कें खुलते ही पंचायत चुनाव घोषित कर दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले कुछ दिनों में कांग्रेस संगठन के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और शीघ्र ही कार्यकारिणी घोषित होगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर प्रदेश को वित्तीय तौर पर कंगाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने ये भी कहा कि यदि जयराम ठाकुर प्रदेश की वित्तीय स्थिति को समझते तो आज हिमाचल में आर्थिक संकट नहीं होता।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य ऊर्जा निगम के अधिकारियों को निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आज शिमला में ऊर्जा निगम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पम्प भंडारण परियोजनाओं की स्थापना पर जोर दिया और निगम को प्रस्तावित एक हजार 6 सौ 30 मैगावॉट की रेणुका जी और 2 सौ 70 मैगावॉट की थाना प्लाऊं पम्प भण्डारण परियोजना पर काम जल्द शुरू करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरित ऊर्जा

का दोहन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि निगम अपनी प्रस्तावित सौर ऊर्जा परियोजनाओं के निर्माण में तेजी लाएं।

**पीएमजीएसवाई**

केन्द्र सरकार ने हिमाचल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के लिए 2 हजार 2 सौ 71 करोड़ रूपए की राशि मंजूर की है। लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस राशि से प्रदेश में एक हजार 5 सौ 38 किलोमीटर लम्बी 2 सौ 94 सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पी.एम.जी.एस.वाई–1 की सड़कों की मुरम्मत पी.एम.जी.एस.वाई–4 के साथ किए जाने की विशेष रूप से केन्द्र ने स्वीकृति दी है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इन दिनों टारिंग का काम जोरों पर है लेकिन इसमें कई जगह गुणवत्ता को लेकर शिकायतें आई हैं जिस पर सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि आपदा के कारण बंद सड़कों को खोलने का काम भी जारी है।

विक्रमादित्य सिंह ने बिजली महादेव रोपवे को लेकर कहा कि प्रदेश का विकास जरूरी है लेकिन देव परम्पराओं और स्थानीय मान्यताओं का भी सम्मान आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई विवाद न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ट्रेजरी में कुछ दिक्कतें है लेकिन जल्द ही ठेकेदारों की बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

**सुरेश कश्यप**

इस बीच भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने पी.एम.जी.एस.वाई.–4 में प्रदेश के लिए 2 हजार 2 सौ 71 करोड़ रूपए की राशि मंजूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस राशि से जहां नई सड़कें बनेगी वहीं कुछ पुरानी सड़कों को भी अपग्रेड किया जाएगा। भाजपा सांसद ने दावा किया कि अगर केन्द्र सरकार से पैसा नहीं आए तो हिमाचल प्रदेश में विकास की गति थम जाएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश का विकास केवल केन्द्र सरकार के कारण ही आगे बढ़ रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को प्रदेश के हक गिनाने की बजाए इस वित्तीय मदद के लिए केन्द्र का आभार व्यक्त करना चाहिए।

**दूरसंचार सम्मेलन**

भारत सरकार में दूरसंचार सचिव और डिजिटल संचार आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर नीरज मित्तल ने कहा है कि साईबर अपराध, आर्थिक धोखाधड़ी और दूरसंचार साधनों का दुरूपयोग अब वैश्विक समस्या बनते जा रहे हैं और इनसे निपटने के लिए सभी को मिलजुल कर काम करने की जरूरत है। डॉक्टर मित्तल आज शिमला के निकट क्यारीघाट में दूरसंचार विभाग के हिमाचल प्रदेश लाईसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र द्वारा सशक्त संचार और अभिनव सुरक्षा विषय पर आयोजित सुरक्षा संबंधी मामलों के वार्षिक उत्तरी क्षेत्र सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते डिजिटल दौर में सुरक्षित संचार सेवाओं के महत्व को समझते हुए दूरसंचार विभाग ने इस वैश्विक

समस्या से निपटने के लिए अपने स्तर पर कई प्रयास किए हैं। सम्मेलन में प्रमुख रूप से अवैध दूरसंचार नेटवर्क के संचालन की रोकथाम, वित्तीय धोखाधड़ी, साइबर ठगी, मोबाईल फोन चोरी की घटनाओं को रोकने और डिजिटल अरेस्ट सहित डाटा व संचार सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सम्मेलन में बताया गया कि दो वर्ष में चोरी हुए करीब 6 लाख मोबाईल बरामद किए गए हैं जबकि 4 करोड़ से अधिक संदिग्ध मोबाईल कनेक्शन बंद किए गए हैं। इस सम्मेलन में 6 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण है। बिंदल ने आज सोलन जिला के बद्दी में आयोजित पार्टी की दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में झूठी गारंटियों के नाम पर लोगों को ठगा है और राज्य के लोग कांग्रेस को इसके लिए कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश सरकार और कंाग्रेस की मित्र मण्डली ठगों का एक टोला बनकर रह गई है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश भाजपा विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत हर बूथ की किलेबंदी करेगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा मेरा बूथ सबसे मजबूत की नीति पर काम करते हुए चुनाव तैयारियां कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने कार्यकाल में मित्रों को नियुक्तियां देने के लिए सीपीएस तक नियुक्त कर दिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का सिलसिला यहीं नहीं रूका और अब धारा 118 में संशोधन कर प्रदेश को बेचने की साजिश की जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऐसी लापरवाह सरकार को प्रदेश की जनता माफ नहीं करेगी।

**जगत सिंह नेगी**

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार गुठलीदार फलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जगत सिंह नेगी आज शिमला जिला के थानाधार में गुठलीदार फल उत्पादक संघ, बागवानी विभाग और कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पहले राष्ट्रीय गुठलीदार फल सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि अब समय आ गया है कि सेब के साथ–साथ अन्य गुठलीदार फलों की वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देकर राज्य की बागवानी अर्थव्यवस्था को और अधिक स्थिर व समृद्ध बनाया जाए।

**चन्द्र कुमार**

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। चन्द्र कुमार आज ज्वाली में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए एक समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। चन्द्र कुमार ने स्पष्ट किया कि विकास

कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को पंचायत चुनावों से पूर्व सभी पंचायतों में विकास कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

**मौसम**

प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बीते दिनों हुई बर्फबारी के बाद राज्य में ठंड बढ़ गई है। जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में पारा माइनस में दर्ज किया जा रहा है। लाहौल स्पिति का ताबो आज सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माईनस 5 दशमलव 5 डिग्री दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 11 नवंबर तक प्रदेश भर में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में समय पर होंगे पंचायत चुनाव–सरकार देगी चुनाव आयोग को पूरा सहयोग।
- केन्द्र सरकार का हिमाचल को बड़ा तोहफा–पी.एम.जी.एस.वाई–4 के तहत 2 हजार 2 सौ 71 करोड़ रूपए स्वीकृत।
- केन्द्रीय दूरसंचार सचिव डॉक्टर नीरज मित्तल ने कहा–साईबर अपराध, आर्थिक धोखाधड़ी और दूरसंचार साधनों का दुरूपयोग बना वैश्विक समस्या।

  और

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।